भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking)
प्लॉट नंबर 27, चंद्रमौली बिल्डिंग, वीर सावरकर चौक, सम्राट नगर, शाहनुरवाडी रोड
Plot No.27, Chandramauli Building, Veer Sawarkar Chowk, Samrat Nagar,
Shahnoorwadi Road औरंगाबाद AURANGABAD-431005 (महाराष्ट्र/Maharashtra)
CIN: U51490MH1970GOI014733
दूरभाष क्रमांक / Tel.No. (0240) 2361451 फ़ैक्स क्रमांक (0240) 2361834

संख्या : भाकनि/औ.बाद/आवक-जावक विभाग/2020-21/ दिनांक 22.12.2020

_____

_____

_____-

विषय :- कोरियर निविदा के संदर्भ में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ आपसे अनुरोध है कि, भारतीय कपास निगम लिमिटेड : औरंगाबाद महाराष्ट्र राज्य एवं शेष भारत के लिए पत्र / पार्सल एवं रुई सेम्पल ले जाने के लिए कोरियर की दरें अमंत्रित करना चाहता है, निविदा निर्धारित संलग्न प्रोफार्मा मे भरकर सिलबंद लिफाफे मे जिस पर कोरियर हेतु निविदा लिखा हो, उपरोक्त पते पर प्रेषित करे । निविदा स्वीकृत करने की अंतिम दिनांक - 30.12.2020 समय दोपहर 3.00 बजे तक होगी प्राप्त निविदा को उसी दिन 3.30 बजे उपस्थित कोरियर प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा, अनुमोदित दर दिनांक 31.12.2021 तक के लिये मान्य होगी । कृपया निविदा लिफाफे पर अपना पूर्ण पता एवं दूरभाष नंबर अवश्य लिखे ।

सधन्यवाद,

भवदीय

कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

उपमहाप्रबंधक

संलग्न : यथोपरि

<u>भारतीय कपास निगम लिमिटेड</u>

<u>शाखा कार्यालय : औरंगाबाद</u>

कोरियर सेवा का नाम ---------- सेवा कर पंजीकरण संख्या ----------

पैन नम्बर (PAN No.)----------

पूर्ण पता ----------

दूरभाष क्रमांक/फैक्स क्रमांक ----------

ई-मेल पता ----------

<u>(अ) पत्र (Documents) / पार्सल आदि :-</u>

भार	औरंगाबाद शहर के अंतर्गत	महाराष्ट्र के अन्य भागों में		महाराष्ट्र के अतिरिक्त शेष भारत में	
		हवाई जहाज द्वारा	सड़क / रेल द्वारा	हवाई जहाज द्वारा	सड़क / रेल द्वारा
100 ग्राम तक					
101 ग्राम से 250 ग्राम तक					
251 ग्राम से 500 ग्राम तक					
501 ग्राम से ऊपर					

<u>(ब) रूई सैम्पल :-</u>

भार	महाराष्ट्र के लिए		शेष भारत के लिए	
	हवाई जहाज द्वारा	सड़क / रेल द्वारा	हवाई जहाज द्वारा	सड़क / रेल द्वारा
दर प्रति 500 ग्राम				
दर प्रति किलोग्राम				

निविदा भरने वाले का पूरा नाम पता व हस्ताक्षर मुहर सहित

भारतीय कपास निगम लिमिटेड : औरंगाबाद

पत्र / पार्सल एवं रुई सेम्पल की कोरियर निविदा हेतु नियम एवं शर्ते :-

1. निविदाये दिनांक 30.12.2020 को दोपहर 3.00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी, जो उसी दिन सांय 3.30 बजे निविदाकर्ताओ के समक्ष खोली जायेंगी ।

2. निविदा के लिफाफे पर कोरियर हेतु निविदा मोटे अक्षरों में लिखा होना चाहिये एवं निविदा मुहरबंद लिफाफे में दी जानी चाहिये । निविदा महाप्रबंधक, भाकनि, औरंगाबाद के नाम से संबोधित होनी चाहिये ।

3. यदी आदेश पत्र जारी किया जाता है तो पार्टी द्वारा 5000/-रू. का बैंक डिमांड ड्राफ्ट जो दि कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड Payable at औरंगाबाद के पक्ष में किसी भी शेडयुल्ड बैंक पर देय होगा, जिस पर कोई व्याज देय नही होगा ।

4. निविदादाता यदि किसी कोरियर कं.का स्थानिय फ्रेन्चाईजी है तो उसे इसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

5. निविदादाता को पैन नं. आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा । यदि वह किसी कोरियर कं. का स्थानिय फ्रेन्चाईजी है तो जिसके नाम से फ्रेन्चाईजी है उक्त व्यक्ति का पैन नं. प्रस्तुत करना होगा ।

6. निविदा प्रस्तुत करने वाली कोरियर कम्पनी का ऑन लाईन ट्रैकिंग सिस्टम होना अनिवार्य है इसके लिये निविदा फार्म में संबंधित कोरियर कं. की वैबसाईट का पता आवश्यक रूप से लिखा जाना है ।

7. सामान्य पारिस्थितियों में पावती रसीद पर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर व तिथि सहित बिल के साथ पावती रसीद प्रस्तुत करने पर समयावधी में डिलीवर किये गये पार्सल का भुगतान तद्नुसार कर दिया जायेगा । बिल के साथ पावती रसीदें नही संलग्न होने पर भुगतान नही किया जायेगा ।

8. सामान्य परिथितियों में सैम्पल पार्सल / डाक निर्धारित अवधी में डिलीवर नही होगें तो उसका भुगतान नही किया जायेगा ।

9. सामान्य परिस्थितियों मे सैम्पल/पार्सल/डाक/कोरियर कं. गंतव्य पर डिलीवर नही किया जाता / गुम किये जाने पर निगम बाजार दर से उक्त सैम्पल की राशि की पूरी वसूली व अन्य खर्चा आदि कम्पनी के भुगतान योग्य बिल / धरोहर राशि से कर ली जयेगी ।

10. सैम्पल के लिए दरें प्रति किलोग्राम दी जानी चाहिये । किलोग्राम के ऊपर 500 ग्राम भार तक कोई अतिरिक्त दर नहीं दी जायेगी एवं 800 ग्राम के ऊपर अगले किलोग्राम के अनुसार दर का भुगतान किया जायेगा । 500 ग्राम के लिये जो दरें दी जाये 300 ग्राम तक कोई अतिरिक्त चार्ज नही दिया जायेगा । 800 किलोग्राम के आगे एक किलोग्राम की लागू मानी जायेगी ।

11. हवाई जहाज द्वारा महाराष्ट्र से बाहर भेजे जाने वाले सैम्पल भेजने की तारीख से अधिकतम 36 घंटे के अंदर गंतव्य स्थान पर सुपुर्दगी होनी चाहिये साथ ही हवाई जहाज से सेम्पल भेजने की रसीद बिल के साथ संलग्न करने के बाद हवाई जहाज की दरों के अनुसार भुगतान किया जायेगा ।

12. महाराष्ट्र में मुंबई एवं अकोला में सैम्पल भेजने की तारीख से अगले दिन सुपुर्दगी की जाना अनिवार्य है । महाराष्ट्र के अन्य भागो में रुई सेम्पल भेजने की तारीख से अधिकतम तीन दिनों के अंदर सुपुर्दगी हो जानी चाहिये ।

13. समयानुसार सैम्पल सुपुर्दगी न होने पर 50% दर की कटौती की जायेगी एवं तीन दिन पश्चात सुपुर्दगी देने पर कोई भुगतान नहीं किया जायेगा ।

14. पत्र / पार्सल एवं रुई सेम्पल आदि की सभी POD प्राप्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा ।

15. शर्तयुक्त निविदायें मान्य नहीं होंगी ।

16. निविदा में दी गई दरों के अतिरिक्त नियमानुसार GST का भुगतान किया जायेगा । निविदाकर्ता का GST पंजीकृत होना आवश्यक है एवं उसे अपना GST पंजीकरण निविदा फार्म में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना आवश्यक है।

17. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए अन्यथा ऐसी निविदा निरस्त की जा सकती है।
18. न्यूनतम दर का आकलन पत्र / पार्सल एवं रुई के सैम्पल के लिए अलग-अलग किया जायेगा एवं जिस निविदाकर्ता की दरे अधिक मदो के लिए कम होगी उसे L-1 माना जायेगा तथा उसे शेष मदों में प्राप्त सबसे कम दर पर कार्य करना होगा ।
19. टी.डी.एस. कटौती नियमानुसार की जायेगी ।
20. बिलों का भुगतान प्रतिमाह के आधार पर बिल प्राप्त होने के पश्चात 10 दिनों के अंदर किया जायेगा ।
21. निगम कोई भी निविदा बगैर कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । निविदा अस्वीकार होने की दशा में निविदा दाता अस्वीकार किये जाने के कारण की जानकारी शाखा कार्यालय से प्राप्त कर सकता है ।
22. दरे निर्धारित प्रोफार्मा मे भरी जानी चाहिये।
23. निविदा 31.12.2021 तक वैध रहेंगी।
24. भारतीय कपास निगम लिमिटेड के मराठवाडा व खांन्देश के सभी तहसीलो के केंद्रोपर पत्र / पार्सल की सुपुर्दगी 36 घंटे में होना चाहिये समयानुसार सैम्पल सुपुर्दगी न होने पर 50% दर की कटौती की जायेगी।

निविदाकर्ता द्वारा घोषणा :-
1. मै यह घोषणा करता हूँ कि मैंने निविदा प्रपत्र में दी गई सभी शर्ते अच्छी तरह से पढ़ ली है एवं निविदा शर्तो के अनुसार ही भरी है।
2. मै यह भी घोषणा करता हूँ कि मै निविदा के सभी नियमो एवं शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करूंगा एवं अगर किसी भी दशा में कोई दोष पाया जायेगा तो निगम को मेरी धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार रहेगा एवं मेरी गलती के कारण अगर निगम को कोई हानी होगी तो उसकी भरपाई की ज़िम्मेदारी मेरी रहेगी।
3. किसी भी विवाद की स्थिति मे निगम का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

फर्म का नाम एवं पता _____
_____
_____

दिनांक _____ फर्म की सील _____

संलग्न - डिमांड ड्राफ्ट नंबर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर _____
_____

दिनांक _____
राशि रू. 5000/-